

मैथा ब्लाक के रूदापुर में निकरा योजना की एससी एसपी उपयोजना के अंतर्गत ऊसर भूमियों में धान फसल प्रबंधन विषय पर ग्रामीणों को जानकारी देते वैज्ञानिक डॉ. खलील खान, छाया:आज

# निकरा योजना की एससी एसपी के तहत ऊसर भूमि में धान फसल प्रबंधन का हुआ प्रशिक्षण

(आज समाचार सेवा)

कानपुर देहात, 25 अगस्त। चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर के अधीन संचालित कृषि विज्ञान केंद्र दिलीप नगर द्वारा विकास खंड मैथा के ग्राम रूदापुर में निकरा योजना की उप योजना एससीएसपी के अंतर्गत ऊसर भूमियों में धान फसल का प्रबंधन विषय पर दो दिवसीय कृषक प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। इस अवसर पर केंद्र के वैज्ञानिक डॉ. खलील खान ने बताया कि दो दिवसीय कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य किसानों को जलवायु अनुकूल उन्नत तकनीक, कीट प्रबंधन और उज्च पैदावार के उपाय सिखाना है। इसमें उन्नत उर्वरक प्रबंधन और वैज्ञानिक खेती की जानकारी दी गई। जलवायु-सहिष्णु और अधिक पैदावार देने वाली धान की किस्मों तथा सीधी बुवाई और जल-बचत वाले धान खेती के तरीके,पोषण प्रबंधन में उर्वरकों का संतुलित उपयोग और लागत-दक्षता में सुधार तथा कीट एवं रोग नियंत्रण हेतु एकीकृत कीट प्रबंधन और शुरुआती अवस्था में रोगों की पहचान आदि विषयों पर विस्ता

कानपुर व लखनऊ से एक साथ प्रकाशित वर्ष: 18 अंक : 59 कानपुर, बुधवार 26 अगस्त 2026 नगर संस्करण पृष्ठ 12 मूल्य: 2.00 रुपए

राष्ट्रीय स्वरूप

# 5 सितंबर को चंद्रशेखर कृषक समिति का मनाया जायेगा 42वां स्थापना दिवस

कानपुर। चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर के प्रसार निदेशालय में किसानो की ओर से संचालित चंद्रशेखर कृषक समिति का 42वा स्थापना दिवस 5 सितंबर 2026 को प्रसार निदेशालय के लाल बहादुर शास्त्री कृषक सभागार में मनाया जाएगा। इसके अलावा किसानों को कृषि वैज्ञानिकों द्वारा खेती की नई तकनीकों के बारे में जानकारी दी जाएगी। यह जानकारी विश्वविद्यालय के निदेशक प्रसार डॉ. वी के त्रिपाठी ने दी। उन्होंने बताया कि विवि के कुलपति कार्यक्रम में मुख्य अतिथि होंगे। कृषक समिति के अध्यक्ष बाबू सिंह ने बताया कि विश्वविद्यालय में कृषक समिति की स्थापना वर्ष 1985 में हुई थी। उन्होंने बताया कि कृषक समिति का उद्देश्य किसानों को विश्वविद्यालय एवं अन्य कृषि संस्थानों की विकसित नवीनतम कृषि तकनीक एवं फसल प्रजातियों से रूबरू कराना है। कृषक समिति की बैठक प्रत्येक महीने की 5 तारीख को विश्वविद्यालय में होती है। जिसमें विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों की ओर से व्याख्यान दिए जाते हैं। इसके साथ ही किसानों की खेती-बाड़ी संबंधी समस्याओं का निराकरण भी किया जाता है।



R.N.I.NO. UPHIN/2008/29355
डाक पंजीकन संख्या KANPUR Cty 328/2012

दैनिक
# वक्त दर्शन

कानपुर से प्रकाशित, उत्तर प्रदेश, हरियाणा, मध्य प्रदेश, तमिलनाडु, पंजाब, आंध्र प्रदेश, राजस्थान, बिहार, महाराष्ट्र एवं दिल्ली, मुम्बई, तेलंगाना

वर्ष: 18 अंक :208 कानपुर, बुधवार 26 अगस्त 2026 पृष्ठ : 8

# ऊसर भूमि में धान फसल प्रबंधन विषय पर हुआ दो दिवसीय कृषक प्रशिक्षण

कुअर राज भदोरिया

कानपुर नगर वक्त दर्शन कार्यालय गोपाल नगर संवाददाता, चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर के अधीन संचालित कृषि विज्ञान केंद्र दिलीप नगर द्वारा विकास खंड मैथा के ग्राम रूदापुर में निकरा योजना की उप योजना एससीएसपी के अंतर्गत ऊसर भूमियों में धान फसल का प्रबंधन विषय पर दो दिवसीय कृषक प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। केंद्र के वैज्ञानिक डॉक्टर खलील खान ने बताया कि दो दिवसीय कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य किसानों को जलवायु अनुकूल उन्नत तकनीक, कीट प्रबंधन और उच्च पैदावार के उपाय सिखाना है। इसमें उन्नत उर्वरक प्रबंधन और वैज्ञानिक खेती की जानकारी दी गई। जलवायु-सहिष्णु और अधिक पैदावार देने वाली धान की किस्मों तथा सीधी बुवाई और जल-बचत वाले धान खेती के तरीके,पोषण प्रबंधन में उर्वरकों का संतुलित उपयोग और लागत-दक्षता में सुधार तथा कीट एवं रोग नियंत्रण हेतु एकीकृत कीट प्रबंधन और शुरुआती अवस्था में रोगों की पहचान आदि विषयों पर विस्तार से जानकारी दी गई इस अवसर पर गांव के 50 से अधिक कृषक महिला एवं पुरुष उपस्थित रहे।

**वक्तदर्शन**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक इन्द्रभान भदौरिया द्वारा मां प्रिंटर्स गार्डेन नं06-ए /7 रेल बाजार कानपुर नगर से मुद्रित एवं गुरुदेव सेवा संस्थान महाराजपुर कानपुर नगर 209402 से प्रकाशित पत्राचार प्रशाशनिक कार्यालय 355 गोपाल नगर-कानपुर

**प्रधान सम्पादक**
**इन्द्रभान भदौरिया**
7518116678

**आवश्यक सूचना**

हिन्दी दैनिक समाचार पत्र को कोई भी व्यक्ति अथवा संस्थान को सलाह दी जाती है कि कोई भी भुगतान नगद न करें, चेक या ड्राफ्ट से ही करें व समाचार पत्र में छपे विज्ञापन में कोई निर्णय लेने से पहले उसकी तहकीकात कर ले तभी कोई कदम उठाये आपको हुए हानि-लाभ से समाचार पत्र की कोई जिम्मेदारी नही होगी।

प्रबन्धक

अखबार में प्रकाशित सभी पद अवैतनिक हैं समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र कानपुर न्यायालय ही मान्य होगा

कानपुर व लखनऊ से एक साथ प्रकाशित वर्ष: 18 अंक : 59 कानपुर, बुधवार 26 अगस्त 2026 नगर संस्करण पृष्ठ 12 मूल्य: 2.00 रुपए

राष्ट्रीय स्वरूप

# ऊसर भूमियों में धान फसल प्रबंधन विषय पर दो दिवसीय कृषक प्रशिक्षण

कानपुर । सीएसए के अधीन संचालित कृषि विज्ञान केंद्र दिलीप नगर द्वारा विकास खंड मैथा के ग्राम रूदापुर में निकरा योजना की उप योजना एससीएसपी के अंतर्गत ऊसर भूमियों में धान फसल का प्रबंधन विषय पर दो दिवसीय कृषक प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। इस अवसर पर केंद्र के वैज्ञानिक डॉक्टर खलील खान ने बताया कि दो दिवसीय कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य किसानों को जलवायु अनुकूल उन्नत तकनीक, कीट प्रबंधन और उच्च पैदावार के उपाय सिखाना है। इसमें उन्नत उर्वरक प्रबंधन और वैज्ञानिक खेती की जानकारी दी गई। जलवायु-सहिष्णु और अधिक पैदावार देने वाली धान की किस्मों तथा सीधी बुवाई और जल-बचत वाले धान खेती के तरीके, पोषण प्रबंधन में उर्वरकों का संतुलित उपयोग और लागत-दक्षता में सुधार तथा कीट एवं रोग नियंत्रण हेतु एकीकृत कीट प्रबंधन और शुरुआती अवस्था में रोगों की पहचान आदि विषयों पर विस्तार से जानकारी दी गई इस अवसर पर गांव के 50 से अधिक कृषक महिला एवं पुरुष उपस्थित रहे।



हिंदुस्तान 26/08/2026

# पांच को मनाएंगे कृषक समिति का स्थापना दिवस

कानपुर। सीएसए विवि के प्रसार निदेशालय में किसानों की ओर से संचालित चंद्रशेखर कृषक समिति का 42वां स्थापना दिवस पांच सितंबर को मनाया जाएगा। कृषि वैज्ञानिक खेती की नई तकनीक के बारे में जानकारी दी जाएगी। निदेशक प्रसार डॉ. वीके त्रिपाठी ने बताया कि कृषक समिति का उद्देश्य किसानों को विवि एवं अन्य कृषि संस्थानों की विकसित नई कृषि तकनीक की जानकारी दी जाएगी।